# हर्रा के वार्ड 1 में शांतिपूर्ण सम्पन्न हुआ चुनाव



धारा न्यूज़ सांवददाता, सरूरपुर : सोमवार को कस्बा हर्रा के रिक्त सभासद पद के लिए मतदान शांतिपूर्ण सम्पन्न हुआ। जिसमे 68.59 प्रतिशत मतदान हुआ। वार्ड 1 उपचुनाव मे 726 में से 498 वोट पड़े।जिसमे दो प्रत्याशी आमने–सामने थे। सभासद पद के लिए हुए चुनाव में पुलिस प्रशासन ने व्यवस्था चाक चौबंद कर रखी थी। वही एडीएम प्रशासन ने मौके पर पहुंचकर व्यवस्था का निरीक्षण किया। मतदान सुबह 7.00 बजे शुरू हुआ और शाम 5.00 बजे तक शांतिपूर्ण सम्पन्न हुआ। दोनो प्रत्याशी शुभम कुमार और शकील के बीच कांटे की टक्कर होने के चलते दिनभर चुनाव दिलचस्प बना रहा और एक एक वोट के लिए दोनों पक्ष एड़ी चोटी का जोर लगाते नजर आये। मतदान शांतिपूर्ण संपन्न होने पर पुलिस प्रशासन ने राहत की सांस ली। 10 जुलाई को होने वाली मतगणना पर दोनों प्रत्याशीयो की उम्मीदें टीकी हुई। चुनाव परिणाम को लेकर वार्ड वासियो मे चर्चा जोरो पर रही ।

# पुलिस ने महिला के साथ छेड़छाड़ करने की वायरल वीडियो का आरोपी किया गिरफ्तार



मेरठः थाना क्षेत्र कोतवाली में एक महिला के साथ छेड़खानी करने की वीडियो वायरल होने के पश्चात दिनांक 04.07.2024 को वादिया की तहरीर के आधार पर थाना कोतवाली पर मु0अ0स0 103/2024 धारा 354(क),354(ख) भादवि बनाम अज्ञात पंजीकृत किया गया था । आज दिनांक 08.07.2024 को थाना कोतवाली पुलिस द्वारा मुकदमा उपरोक्त में सीसीटीवी फुटेज के आधार पर प्रकाश में आये अभियुक्त विशाल ठाकुर पुत्र अरविन्द ठाकुर निवासी म0न0 120 मौहल्ला वीरू कुआ थाना कोतवाली मेरठ उम्र 34 वर्ष को खत्ता रोड मदरसा के पास से गिरफ्तार किया गया । अभियुक्त को समय मा0 न्यायालय के समक्ष में पेश किया जायेगा ।

# नाबालिग बच्ची के साथ दुष्कर्म के प्रयास का आरोपी को पुलिस को सौंपा

मेरठ : गंगानगर थाना क्षेत्र में शाम के समय नशेडी युवक ने 10 वर्षीय बालिका को अपनी हवस का शिकार बनाने का प्रयास किया बच्ची के शोर मचाने पर पब्लिक ने आरोपी की जमकर पिटाई की पुलिस को सूचना दी पुलिस आरोपी को लेकर थाना ले आई जानकारी के मुताबिक 10 वर्षीय बालिका दवाई लेने अपने घर से आई थी जिसे आरोपी बहला फुसलाकर सीएनजी पेट्रोल पंप रोड पर ले आया पुलिस ने आरोपी को मेडिकल में भर्ती कराया है थाना अध्यक्ष गंगानगर ने बताया तहरीर लेकर कार्रवाई की जा रही है नाबालिक को जांच हेतु मेडिकल भेजा गया है।

# विचार गोष्ठी, श्रद्धांजलि सभा का आयोजन

मेरठः डॉ आंबेडकर मोर्चा उत्तर प्रदेश के तत्वाधान पर सोमवार को पीएल शर्मा स्मारक में एक विचार गोष्ठी और श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया इस मौके पर सभी वक्ताओं ने अपने विचार विमर्श किया वक्ताओं ने जहां बाबा भीमराव अंबेडकर के पद चोन पर चलने का आह्वान किया वहीं शोषित और दलितों के लिए काम करने वाले गुरु चरण बिल टोरिया के जीवन पर भी प्रकाश डाला सोमवार को प्यारेलाल शर्मा स्मारक हाल में डॉक्टर अंबेडकर मोर्चा उत्तर प्रदेश के संस्थापक गुरु चरण बिल्टोरिया की प्रथम पुण्यतिथि पर एक विचार गोष्ठी और श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया इस मौके पर स्वर्गीय गुरु चरण बिल्टोरिया के जीवन पर प्रकाश डालते हुए सभी पदाधिकारी ने बताया कि बिल टोरिया जी ने हमेशा समाज के उत्थान में दलित पिछड़े अल्पसंख्यक पीड़ितों क्षेत्र में महिलाओं को सम्मान दिलाने के लिए जीवन के आखिरी समय तक संघर्ष किया डॉ आंबेडकर के विचारों और सिद्धांतों के प्रति स्वर्गीय गुरु चरण बिल्टोरिया की अटूट निष्ठा और योगदान को याद किया जाता रहेगा यह समारोह उनकी स्मृति में प्रत्येक वर्ष आयोजित किया जाएगा सभी ने अपने–अपने विचार व्यक्त करते हुए श्रद्धा सुमन अर्पित किए तथा उनके लिए 2 मिनट का मौन धारण किया श्रद्धांजलि सभा में हरपाल सिंह हेमंत सिंह मनिंदर सूद डॉक्टर चरण सिंह दिशारी लीलापाठ एडवोकेट राजपाल बिल्टोरिया धर्मपाल सिंह कुलदीप शर्मा देशपाल गुर्जर डॉक्टर मानवेंद्र प्रताप पवन वर्मा डॉक्टर अमित त्यागी हेमंत आर्य ब्रह्मपाल सिंह हरनौतिया आर्यन विक्टोरिया अतुल बेल्टोरिया दिलीप सोनकर राहुल सोनकर वर्षा रानी रामपाल आदि मौजूद रहे।

# कांवड़ यात्रा को लेकर एसडीएम ने ली विभागीय अधिकारियों की बैठक



मवानाः सावन मास में शुरू होने वाली कांवड़ यात्रा की तैयारियां शुरू हो गई हैं। अधिकारी बैठकें कर यात्रा की रूप रेखा तैयार कर रहे है, साथ ही सभी विभागों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए जा रहे हैं। शुक्रवार को एसडीएम मवाना अंकित कुमार ने तहसील सभागार में सभी विभागों के अधिकारियों के साथ कांवड़ यात्रा को लेकर बैठक की। सभी को उनके कार्यों की जिम्मेदारी सौंपी गई है। पीडब्ल्यूडी और सिंचाई विभाग को कांवड यात्रा से पूर्व मार्ग को गड्ढा मुक्त करने के निर्देश भी दिए। कांवड यात्रा के मददेनजर सोमवार को उपजिलाधिकारी अंकित कुमार ने तहसील सभागार में अधिकारियो की बैठक ली। बैठक में सिंचाई विभाग, वन विभाग, ऊर्जा निगम, चिकित्सा विभाग, पीडब्ल्यूडी विभाग, नगर पालिका व नगर पंचायत के अधिकारियों ने शिरकत की। एसडीएम ने पीडब्ल्यूडी विभाग के अधिकारियों को कांवड यात्रा से पूर्व कांवड़ मार्ग को गड्ढा मुक्त कराने के निर्देश दिए। कहा कि आज से ही पेचवर्क शुरू हो जाना चाहिए। डीएम दीपक मीणा किसी भी दिन आकर निरीक्षण कर सकते हैं। अधिशासी अधिकारी राजीव जैन को मध्य गंगा नहर किनारे कांवड़ मार्गों, शिविर स्थलों की सफाई का कार्य कराने के निर्देश दिए है। कहा कि किसी भी तरह की लापरवाही बरती नहीं जाएगी। इसके अलावा ऊर्जा निगम को कांवड़ मार्ग पर पहले की तरह लाइट की व्यवस्था कराने के लिए कहा जबकि स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने कांवड़ सेवा शिविरों में अपने कैंप लगाने व पर्याप्त दवाइयों का स्टॉक समय से मंगवाकर रखने के लिए कहा। एसडीएम अंकित कुमार ने बताया कि डीएम दीपक मीणा किसी भी दिन आकर व्यवस्थाओं का जायजा ले सकते हैं। यदि जरा भी खामी मिली तो कार्रवाई हो सकती है। बैठक में सीओ सौरभ सिंह, सीएचसी प्रभारी अरूण कुमार, नायब तहसीलदार सचिन चौधरी आदि उपस्थित रहे।

# छुर के ग्रामीणों ने शुल्क पर छूट देने के लिए टोल पर दिया धरना

## ग्रामीणों के बीच पहुंचे एसडीएम- सीओ ने टोल में छूट देने का आश्वासन देकर कराया धरना समाप्त

धारा न्यूज संवाददाता, सरूरपुर

सोमवार को छुर गांव के ग्रामीणों ने भूनी टोल प्लाजा पर धरना देकर गांव के वाहन चालकों को टोल टैक्स शुल्क में छूट देने की मांग की।कई घंटे तक चले धरने में देर शाम मौके पर पहुंचे एसडीम सरधना और सीओ ने ग्रामीणों को शांत करते हुए टोल प्लाजा शुल्क में छूट देने का आश्वासन दिया। मैनेजर की ओर से ग्रामीणों के बीच टोल में छूट देने का घोषणा की गई जिसके बाद धरना समाप्त हो गया। सोमवार को छुर गांव के ग्रामीण ग्राम प्रधान सेंसर तालियान के नेतृत्व में करनाल हाईवे के भूनी टोल प्लाजा पर ट्रैक्टर–ट्राली में सवार होकर पहुंचे और टोल प्लाजा पर ग्रामीण टेंट लगाकर टोल शुल्क में वाहन चालकों को छूट देने की मांग रखी। दोपहर 2 बजे से शाम 7 बजे तक ग्रामीण टोल प्लाजा पर धरने पर अपनी मांगों को लेकर बैठे रहे। इसके बाद देर शाम लगभग 7 बजे एसडीएम सरधना पंकज प्रकाश राठौर व सीओ सरधना संजय जयसवाल धरने पर बैठे ग्रामीणों के बीच पहुंचे अधिकारियों से वार्ता में ग्रामीणों ने अपनी तीन मांगे रखी।



जिनमें गांव के ग्रामीणों को वाहन चालकों को टोल प्लाजा शुरू में छूट दी जानी चाहिए,दूसरी मांग ग्रामीणों ने यह भी रखी कि टोल प्लाजा पर जो लोकल के गांव और छुर के वर्कर लगे हुए हैं उन्हें टोल से नहीं हटाया जाना चाहिए। इसके अलावा ग्रामीणों ने स्कूल की भूमि को भी कब्जा मुक्त करने की मांग रखी। इस दौरान दोनों अधिकारियों ने ग्रामीणों को शांत करते हुए टोल टैक्स शुल्क में छूट देने की बात कही। जिसके बाद टोल मैनेजर लोकेंद्र शर्मा को ग्रामीणों के बीच बुलाकर घोषणा की।छुर गांव के ग्रामीणों के वाहन चालकों को टील में छूट देने की घोषणा कराई गई। जिसके बाद धरना शांतिपूर्ण संपन्न हो गया।इस संबंध में टोल प्रबंधक लोकेन्द्र शर्मा ने बताया की पूर्व ने जिन गावों को टोल शुल्क में छूट दी गई थी उसी के तहत पहले से ही छुर गांव को भी टोल शुल्क में छूट दी गई थी। धरना देने वालों में मुख्य रूप से प्रधान सेंसरपाल तालियान,विपिन तालियन,कृष्ण पाल अध्यक्ष, सिकंदर पूर्व प्रधान,महेश पूर्व प्रधान, विजीत तालियन छात्र नेता, विशाल, विनीत, विशेष, मनीष ,जगमोहन पूर्व प्रधान,संजय, जसवीर भकियू नेता, मनोज, साहब चौधरी, रामपाल,भूरा,अनूप टुन्नू व आदि मौजूद रहे।

# ग्रामीणों की समस्याओं को लेकर भाकियू अराजनैतिक ने की बैठक

धारा न्यूज संवाददाता, मवाना

तहसील क्षेत्र में बिजली, आवारा पशु, जल भराव, गन्ना भुगतान की समस्या समस्याओं और संगठन विस्तार को लेकर भारतीय किसान यूनियन अराजनैति ने तहसील क्षेत्र के कई गांवों में बैठक आयोजत की। बैठक में संगठन विस्तार से साथ पदाधिकारियों ने संगठन को हर स्थिति और परिस्थिति में सभी क्षेत्र और गांव वासीयो के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़े रहने का आश्वासन दिया। जिला अध्यक्ष नवाब सिंह की अध्यक्षता में आयोजित बैठकों में हस्तिनापुर, बहसुमा और मवाना आदि के गांवों में विशेष सिरोही,सचिन सिरोही, को संगठन की युवा कमेटी और बहसूमा में नीरज राठी को मैन बॉडी में अहम जिम्मेदारी दी गयी। इस दौरान सैकडों ग्रामीणो ने संगठन परिवार की सदस्यता ग्रहण कर संगठन को मजबूत करने के साथ साथ किसान मजदूरो की लड़ाई लड़ने का आश्वासन दिया। यहां पर अहलावत युवा जिला अध्यक्ष आकाश सिरोही, सोहित चौधरी, शोर्सिंग प्रधान, विनोद जाटोली, कालू प्रधान, मिराज मलिक, जीत खान, विशेष प्रधान, विक्रांत, लोकेश, रामवीर सिंह, भोला चौधरी, कुश चौधरी सनी चौधरी, अभिलाष चौधरी आदि उपस्थित रहे।

# राज आईटीआई में टेबलेट वितरण कार्यक्रम आयोजित

धारा न्यूज संवाददाता, मवाना

नगर के मेरठ रोड स्थित राज आई0 टी0 आई0 में उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा प्रदेश के युवाओ को तकनिकी सशक्तिकरण टेबलेट वितरण का आयोजन किया गया। राज आई0 टी0 आई0 मवाना (मेरठ) के 124 छात्रों को राज आई0 टी0 आई0 मवाना (मेरठ) के 124 छात्रों को सदस्य राज्य पिछड़ा वर्ग एंव क्षेत्रीय अध्यक्ष पिछड़ा वर्ग मोर्चा हरबीर पाल संस्थान के निदेशक विनय पाल सिंह ने बुक्के देकर सभी को सम्मानित किया हरबीर पाल ने टेबलेट वितरित किये गए। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा तकनिकी सशक्तिकरण हेतु राज आई0 टी0 आई0 मवाना में पढ़ रहे छात्रो को टेबलेट वितरण करने का निर्णय लेकर गांव देहात में रह रहे छात्रों को नविन तकनीक से जोड़ने का सशक्त मार्ग प्रदान किया इस योजना के द्वारा लाभान्वित छात्रों के द्वारा ऑनलाइन कक्षा एवं अन्य माध्यमो से टेबलेट द्वारा कनेक्ट रहकर अपना भविस्य उज्जवल कर सकते है। आई टी आई मवाना में आयोजित टेबलेट वितरण कार्यक्रम में प्रधानाचार्या संदीप कुमार ने स्वागत करते हुए प्रतीक चिन्ह भेट कर आभार व्यक्त किया हरबीर पाल द्वारा राज आई टी आई मवाना के 124 छात्रों को एव राज आई टी आई मवाना के 124 छात्रों को टेबलेट वितरित किये गए एवं तकनीक का सहारा लेकर रोजगार के नए अवसर प्राप्त करने की शुभकामनाये दी टेबलेट पाकर छात्रो के चहरे मुस्कुराकर खिल गए तथा टेबलेट के साथ सेल्फी लेने वालो की होड़ लग गई उकत कार्यक्रम में प्रधानाचार्या संदीप कुमार, गजेंद्र पाल सिंह ने किया कार्यक्रम में रामअवतार शर्मा एंव ओमवीर सिंह एंव दीपक कुमार शिव कुमार आदि उपस्थित रहे।


## सूचना

मेरी यूपी बोर्ड इंटरमीडिएट वर्ष 2023 अनुक्रमांक 2235406953 की अंक तालिका सह प्रमाणपत्र वास्तव में कहीं गिरकर खो गए हैं। मोहम्मद कासिम पुत्र जमशेद अली निवासी ग्राम जिसोरी थाना मुंडाली जनपद मेरठ।



## सार्वजनिक सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि रेजिडेंस ,वेलफेयर, एसोसिएशन, सेक्टर ,141 नोएडा द्व 34 द्वसेक्टर 141 नोएडा जिला गौतम बुद्ध नगर का पंजीकरण , पंजीकरण ,सोसाइटी रजिस्ट्रेशन एक्ट 1960 के पत्रावली संख्या एम जीबी एन.00 10930 दिनांक 09.04 .2019 को किया गया।
श्री लाट साहब लोहिया ने स्वयं को संस्था का अध्यक्ष बताते हुए संस्था का नवीनीकरण पाए जाने हेतु पत्र कार्यालय में प्रस्तुत किए हैं ।प्रस्तुत प्रबंध समिति की सूची वर्ष 2024.25 के अनुसार सर्वश्री बेगराज सिंह संरक्षक, विनय गर्ग उपाध्यक्ष ,विनोद कुमार महासचिव, निखिल खंडूजा सचिव, राकेश खत्री कोषाध्यक्ष, राहुल बंसल एवं अमर सिंह सदस्य आदर्श गए हैं । यदि किसी व्यक्ति को प्रसंगत समिति के पंजीकरण के विरुद्ध आपत्ति हो तो वह प्रकाशित होने की तिथि से 15 दिनों के अंदर अपनी आपत्ति परमाणो सहित प्रस्तुत कर सकता है ।निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आपत्ति पत्र पर विचार किया जाना संभव ने होगा और गुण दोष के आधार पर समिति के पंजीकरण के संबंध चमें कार्यवाही सुनिश्चित कर ली जाएगी।

आज्ञा से
डिप्टी रजिस्ट्रार,
एवं फॉर्म्स, सोसाइटीज


# बोर्ड बैठक में हगामे के बीच करोड़ों के प्रस्ताव पास



धारा न्यूज संवाददाता, मवाना

सोमवार को नगर पालिका परिषद के सभागार में आयोजित बोर्ड बैठक हंगामेदार रही। वार्ड दो सभासद ने शहीद चंद्रभान प्रदर्शनी के और अन्य ठेको की नीलामी सार्वजनिक किये जाने के साथ निमार्ण कार्यो में प्रयोग हो रहे निमार्ण सामग्री को लेकर जोरदार हंगामा किया। वहीं अन्य सभासदों ने महीनों से खराब पडी पथ प्रकाश व्यवस्था को लेकर हंगामा किया। अधिसाशी अधिकारी ने 15 अगस्त तक पथ प्रकाश व्यवस्था दुरूस्त कराने का आश्वासन दिया तो सभासद शांत हुए। सोमवार को पालिका आर ओ प्लांट में नगर पालिका अध्यक्ष अखिल कौशिक की अध्यक्षता में मासिक बोर्ड बैठक आयोजित की गई। बोर्ड बैठक की शुरूआत अधिसाशी अधिकारी राजीव जैन द्वारा तहसील परिसर में होने वाली पार्किग को तहसील मैदान किये जाने के प्रस्ताव से की जिसका पर सभी सभासदों की सहमति होने के चलते प्रस्ताव पास हो गया। तदोपरांत वार्ड दो सभासद आशीष ने रविवार पैठ, अगस्त में आयोजित होने वाली शहीद चंद्रभान प्रदर्शनी के ठेके की नीलामी के साथ अन्य ठेको की नीलामी को सार्वजनिक किये जाने को लेकर हंगामा। अन्य कई सभासदों ने महीनों से खराब पडी नगर की पथ प्रकाश व्यवस्था को दुरूस्त कराये जाने और पालिका द्वारा निमार्ण कार्यो में प्रयोग हो रही निमार्ण सामग्री को लेकर हंगामा किया। बोर्ड बैठक में पथ प्रकाश व्यवस्था को लेकर अधिशासी अधिकारी 15 से पूर्व प्रकाश व्यवस्था दुरूस्त किये जाने का आश्वासन दिया तो सभासद शांत हुए। बोर्ड बैठक में एटी डब्लू मशीनों द्वारा निशुल्क पानी दिये जाने, पालिका की खाली पडी दुकानों को किराये पर दिये जाने जोहड के जीर्णोदर के लिए शासन से 50 लाख रूपये स्वीकृत कराये जाने शमशान की जीर्णोदार के लिए शासन को प्रस्ताव भेजने आदि प्रस्ताव बोर्ड में रखे गये। सभी प्रस्तावों को सर्वसहमति से पास किया गया। बोर्ड बैठक में सभासद वाजिद, अतीक अहमद, सभासद पति मनीष यादव, रियाजुद्दीन, आशीष, अमीर आजम, मुकेश, बुशरा, ज्योति, नरगिस व पालिका लिपिक लाखन सिंह, उमेश चौहान सफाई नायक राकेश कुमार, मजहर अब्बास, चरणदास व पालिका कर्मचारी सन्दीप कुमार, शान्तनु, भव्य, राजपति यादव आदि उपस्थित रहे।


## पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड

अल्पकालिक ई.निविदा सूचना अधोहस्ताक्षरकर्ता द्वारा निम्नलिखित कार्यों हेतु अल्पकालिक ई.निविदा दो भागों ; प्रथम एवं द्वितीयद्ध में ऑनलाइन आमंत्रित की जाती है। अधोलिखित आमन्त्रित ई.निविदा में प्रतिभाग करने की अन्तिम तिथि 25.07.2024 एवं समय 17.00 बजे होगी एवं निविदा के प्रथम भाग खोलने की तिथि 26.07.2024 एवं समय 15. 00 बजे निर्धारित है। 1. निविदा विशिष्टीकरण संख्याः.20/वि0जा0वि0मं0/ मेरठ/ 2024.25 उपखण्ड अधिकारी, जानपदद्ध विद्युत जानपद वितरण उपखंड, मुजफ्फरनगर हेतु डीजल चलित वाहन चालक सहितद्ध किराये पर उपलब्ध कराने का कार्य। निविदा शुल्क रू. 1180.00, जी0एस0टी0 सहितद्ध धरोहर धनराशि रू. 3,400.00 1 कार्य अवधि 8 माह। 2. निविदा विशिष्टीकरण संख्या रू. 21/ वि0जा0वि0मं0/गेरठ/ 2024.25, 33/11 के0वी0 विद्युत उपकेन्द्र छुटमलपुर जिला सहारनपुर पर आवासीय भवन में संचालित उपखण्ड कार्यालय भवन के जीर्णोद्वार का कार्य। निविदा शुल्क रू. 1180.00, जी0एस0टी0 सहितद्ध धरोहर धनराशि रू. 17,00.00। कार्य अवधि.03 माह। कृपया विस्तृत जानकारीए डाउनलोडए अन्य संशोधनए निविदा प्रस्तुत करने की तिथि एवं विस्तारीकरण/शुद्धिकरण आदि सम्बन्धी सूचनाओं हेतु www.pvvnl.org एंव etendering website www.etender.up.nic.in पर


# राजद के प्रदेश सचिव ने सफाई पानी बिजली को सुचारू रखने के लिए ज्ञापन सौंपा



मवानाः राष्ट्रीय जनता दल के प्रदेश महासचिव मोहम्मद यूसुफ कुरैशी के नेतृत्व में एक ज्ञापन अपर तहसीलदार जितेंद्र को सौंपा। इस्लामी हिजरी का प्रथम मोहर्रम का माह शुरू हो चुका है है। मोहर्रम के पर्व के मददेनजर मवाना तहसील क्षेत्र के नगर में स्थित इमामबाडों, देहात के किठौर, फलावदा,सैफपुर कर्मचंदपुर, नंगला चांद,बहसूमा,रामराज,भैसा, परिक्षितगढ, बातनौर, शाहजहांपुर आदि में इमामबाडों के आसपास सफाई व्यवस्था तथा विधुत आपूर्ति की व्यवस्था, पानी की व्यवस्था सुचारू रूप से होनी चाहिए जिससे जायरीनों को कोई परेशानी ना हो तथा सुरक्षा के मददेनजर पुलिस बल की तैनाती एवं पुलिस गश्त भी इमाम बारगाहों के आसपास होनी चाहिए। नगर के अधिकांश मौहल्लों की ट्यूब लाईट खराब होने के कारण कस्बे के अंदर के हिस्सों में अंधेरा रहता है। जनहित को ध्यान में रखते हुए विद्युत पोलों पर टयूब लाईट लगायी जाये। इमामबारगाहों के आसपास में गंदगी के अंबार लगे हुए है, नगर पालिका को निर्देशित किया जाये। दस दिनों तक पानी आपूर्ति सुचारू रूप से की जाये। कस्बे में रात्रि 9 बजे से एक बजे तक मजलिस होती है और महिलाएं मजलिसों में शामिल होती है, इस लिए इस दौरान कस्बे को विद्युत कटौती से मुक्त किया जाये। नगर में पालिका द्वारा जगह–जगह पानी की लाइन डालने का काम चल रहा है, लेकिन उक्त काम काफी धीमी गति से चलने के कारण नागरिकों को परेशानियों का सामना करना पड रहा है। जिससे कुछ बाइक सवारों के साथ में दुर्घटनाएं भी हो गयी है ओर कई व्यक्तियों एवं महिलाओं के हाथ पैर भी टूट गये है।उक्त तमाम समस्याओं का निस्तारण होना आवश्यक है। इस अवसर पर मो0 युसूफ कुरैशी, राजेंद्र प्रसाद जाटव मुखिया कासिम इस्लाम कुरैशी शमी हैदर नावेद उर्फ बबलू फराज एडवोकेट आदी।


## कार्यालय अधिशासी अभियंता निर्माण खंड, लो0नि0वि0 मेरठ

ई–प्रोक्योरमेन्ट निविदा सूचना (अति अल्पकालीन निविदा)

पत्रांक 1061 / 3ए — दिनांक :—03.07.2024

महामहिम राज्यपाल उत्तर प्रदेश की ओर से अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0, मेरठ द्वारा निम्नलिखित कार्यो की प्रतिशत दर पर निविदा आमंत्रित की जाती है। उक्त कार्यो के लिये लोक निर्माण विभाग में ए, बी, सी एवं डी मार्ग श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदार ही निविदा डालने योग्य होंगे। निविदादाता किसी एक अथवा समस्त कार्य की निविदा डाल सकता है। निविदादाता से अपेक्षा की जाती है, कि निविदा डालने से पूर्व निविदा प्रपत्र के क्लॉज सं0–4 में अंकित न्यूनतम अर्हता के सम्बन्ध में शर्तो का भली–भॉति अध्ययन कर लें।

1. कार्यो का विवरण

| क्रम सं0 | जनपद | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (जी0एस0टी0 रहित) (रू0 लाख में) | धरोहर धनराशि (रू0 लाख में) | निविदा का मूल्य | कार्य को पूर्ण करने की अवधि | अधिशासी अभियन्ता का पता | अधीक्षण अभियन्ता का पता | मुख्य अभियन्ता का पता |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 1 | मेरठ | विधानसभा सरधना के अन्तर्गत ग्रामीण मार्गो पर पैंच मरम्मत का कार्य। | 20.00 | 02.00 | 500+300 +GST (18%) | 06 माह | निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0, मेरठ | मेरठ वृत्त लो0नि0वि0, मेरठ | मुख्य अभियन्ता, मेरठ क्षेत्र, लो0नि0वि0, मेरठ |
| 2 | मेरठ | विधानसभा सिवालखास के अन्तर्गत ग्रामीण मार्गो पर पैंच मरम्मत का कार्य। | 20.00 | 02.00 | 500+300 +GST (18%) | 06 माह | | | |
| 3 | मेरठ | विधानसभा सरधना के अन्तर्गत अन्य जिला मार्गो पर पैंच मरम्मत का कार्य। | 20.00 | 02.00 | 500+300 +GST (18%) | 06 माह | | | |
| 4 | मेरठ | विधानसभा सिवालखास के अन्तर्गत अन्य जिला मार्गो पर पैंच मरम्मत का कार्य। | 20.00 | 02.00 | 500+300 +GST (18%) | 06 माह | | | |
| 5 | मेरठ | दौराला बरनावा (अन्य जिला मार्ग) पर सडक सुरक्षात्मक का कार्य। | 10.00 | 01.00 | 500+300 +GST (18%) | 02 माह | | | |
| 6 | मेरठ | चौधरी चरण सिंह नहर कावंड पटरी (बायी पटरी) (अन्य जिला मार्ग) के चैनेज 106.500 से 107.000, चैनेज 108.000 से 110.000, चैनेज 113.000 से 114.000 चैनेज 117.000 से 118.000 चैनेज 125.000 से 130.000, चैनेज 131.000 से 148.800) तक मार्ग पर सडक सुरक्षात्मक का कार्य। | 32.00 | 03.20 | 500+300 +GST (18%) | 02 माह | | | |
| क0स0 05 व 06 पर अंकित कार्य मे रोड साईनेज मे पंजीकृत अनिवार्य है। | | | | | | | | | |

- ➢ बिल ऑफ क्वान्टिटी में लगाई गयी दरें सभी करो को जोड़ते हुये तथा जी0एस0टी0 करों को छोडते हुये लगाई गयी है।
- ➢ निविदा में मांगी गयी धरोहर धनराशि एवं निविदा शुल्क प्राप्त (कॉलम नं0– 5, 6 के अनुसार) ऑनलाईन केवल नेट बैंकिग द्वारा व भुगतान के पश्चात यू0टी0आर0 प्राप्ति रसीद के रूप में ही मान्य होगी।

निविदा ऑनलाइन दिनांक 10.07.2024 से डाउनलोड की जा सकती है एवं दिनांक 16.07.2024 की 12:00 बजे तक अपलोड की जा सकती है। उक्त निविदा की तकनीकी बिड दिनांक 16.07.2024 को दोपहर 12:30 बजे खोली जायेगी तथा अर्ह निविदादाताओं की वित्तीय बिड कार्यालय आदेशानुसार निर्धारित समय, दिनांक एवं स्थान पर खोली जायेगी। निविदादाता को शासनादेश संख्या 879(1)/23–7–2020, लो0नि0 अनुभाग–7, लखनऊ दिनांक 25.08.2020 के कम में निविदा प्रकिया हेतु चाणक्य सार्फटवेयर में प्रहरी एप्लीकेशन का उपयोग कर आवश्यक अभिलेख अपलोड करने होंगें।

धरोहर धनराशि शासनादेश संख्या 622/23–12–2012–2आडिट/08 टी0सी0–2 दिनांक 08–06–2012 में दिये गये निर्देशों के अनुसार ही ली जायेगी।

निविदादाता सम्बन्धी शेष सभी शर्ते http://etender.up.nic.in पर देखी जा सकती है।

सहायक अभियन्ता
निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0, मेरठ।

Ro.No-217109

अधिशासी अभियन्ता
निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0, मेरठ।

दिनांक : 05.07.2024 विज्ञापन वेबसाईट www.upgov.nic.in पर उपलब्ध है।